**खबर संक्षेप**

## हनुमान मंदिर तालाब में हुआ विशेष पूजन, जलगंगा अभियान के तहत चौपाल एवं सफाई कार्यक्रम आयोजित



**जयसिंहनगर।** नगर के हनुमान मंदिर तालाब परिसर में आज विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलगंगा अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं स्वच्छता विषय पर एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला ने की। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री संपत मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री रामनारायण पांडे, अंत्योदय समिति के अध्यक्ष श्री निर्मल द्विवेदी, पार्षदगण श्री नीरज शर्मा, श्री दिवाकर देवा पयासी सहित नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर एवं तालाब परिसर की साफ-सफाई भी की गई। नगर के समाजसेवी श्री धनंजय शर्मा, श्री पंकज गुप्ता, मीडिया प्रतिनिधि श्री पंकज पांडेय एवं अनेक अन्य गणमान्य नागरिकों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा, साथ ही स्वच्छता का संदेश भी व्यापक रूप से दिया गया।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी, थाने में दी शिकायत



**धनपुरी।** कांग्रेस के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा में टिप्पणी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार तथा मंडलम कांग्रेस धनपुरी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ टिप्पणी करने वाले तथा कथित व्यक्ति विक्रांत तिवारी के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराई गई इसके साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा नफ़रत और द्वेष के भाव से यूपीए के चेयरमैन श्रीमती सोनिया गांधी तथा देश के सदन में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध ईडी की कार्यवाही के विरुद्ध महामहिम राष्ट्रपति के नाम बुढार तहसीलदार के माध्यम से तहसीलदार बुढार को ज्ञापन सौंपा गया, इस दौरान मुख्य रूप से आनंदमोहन जयसवाल, नौशेरमा खान, इबरार खान,मोहम्मद आजाद, संतोष सिंह सेंगर,रामसिंह, कमलेश शर्मा, सौरभ सिंह मनु,एस पी सिंह,अनिल जयसवाल,प्रशांत जैन, सौरभ सिंह,मनु, सनाउल्ला खान,हर्ष पाठक,गणेश कुशवाहा, शिफ्टेन खान शालू ,यूसुफ खान,फैज कुरैशी,आसिफ खान गोलू ,आफताब खान गोलू,पुष्पेंद्र शर्मा, इरशाद खान,मोहन बैगा, गणेश नापित, राजा, हेमन्त शर्मा, ओमकार सिंह, अजितेश प्रकाश रिशु, जुल्फकार अली, इनायत अली,वाशिम खान सोमू, मोहसिन खान लल्ला,अदनान खान,अमन अली,अरमान मंसूरी,एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, राजीव शर्मा ,मंडलम अध्यक्ष मो साबिर तथा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**शहडोल।** ब्यौहारी थाना अंतर्गत चरखरी गांव में बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात वाहन ने उक्त व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है, किंतु अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे सुबह टहलने निकले थे, तभी उन्होंने सड़क किनारे एक व्यक्ति को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता की भारी कमी है, जिससे इस तरह की घटनाएं बार-बार घट रही हैं। पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के थानों में जानकारी साझा कर रही है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।







### टिकराभंवर व कातुरदोना में पानी का हाहाकार, भोंपू बजाने में मस्त है प्रशासन

# सुबह शाम पाँच- पाँच किमी. की दौड़ लगाते हैं निरीह बैगा आदिवासी

**शहडोल।** पानी की हर बूंद कितनी कीमती है, यह ग्राम पंचायत खमरौध के कातुरदोना ग्राम के टिकराभंवर और खालेभंवर के ग्रामीणों से कोई पूछे। यह स्थल, संभागीय मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ विधानसभा अंतर्गत स्थित हैं। जहां बैगा जनजाति और आदिवासियों की बहुलता है। ग्रामीण अपनी जान को जोखिम में डालकर पानी की खातिर सुबह शाम 5 - 5 किमी. की दौड़ लगाते हैं और बड़ी मुश्किल से अपनी जरूरत पूरी कर पाते हैं। जाहिर है कि यहां के बैगा आदिवासी बूंद-बूंद पानी को सिसक रहे हैं, जबकि सरकार इन्ही को मुख्य धारा से जोडने दिनरात अपनी चिंता जताती है और करोड़ों रुपए का बजट फूंकती है। अगर इनके लिए उतने प्रयास किए जाते तो आज इन्हे यह दिन नहीं देखने पड़ते। जनता के सुख-दुख को साझा करने का दम भरने वाले सांसद, विधायक इन तकलीफों से कभी सरोकार नहीं रखते। उन्हे यह याद भी नहीं रहता है कि कातुरदोना ग्राम के टिकराभंवर और खाले भंवर जैसे कितने ही दूरस्थ क्षेत्र होंगे जहां पानी का हाहाकार मचा हुआ है, आज जब इनके लिए प्रस्ताव बनाएंगे और प्रयास शुरू करेंगे तभी आने वाले समय में इन्हे पानी मिल सकेगा। पहले देखिए तो जाकर ?

**योजनाएं लाप, जल स्त्रोत जवाब दे गए-** बताया गया कि इन गांवों में सरकारी अमले ने योजनाओं का ऐसा क्रियान्वनय किया कि वे साल दो साल में ही दम तोड़ गईं, कुछ तो आज भी अधूरी पड़ी हैं। आज तक सरकार की नल जल योजना, जल संवर्धन योजना, जल जीवन जैसी योजनाएं दिवास्वप्न सी बन कर रह गईं हैं। प्राकृतिक जल स्त्रोत भी अल्पवृष्टि के कारण तथा दुरुपयोग किये जाने के कारण जवाब दे चुके हैं। जल स्रोतों को जहां जिम्मेदारों की लापरवाही ने सुखा दिया है। आलम यह है कि यहां के ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे है। तालाब बंजर खेत के जैसे नजर आ रहे हैं। कुंए तो पहले ही सूख चुके हैं, हैण्डपंपों का भी कोई अच्छा साधन नहीं है। कुछ स्थानों में वर्षों पहले हैण्डपंप लगवाए गए थे जो कि अब कोलेप्स हो चुके हैं। सरकारी अधिकारी व जनप्रतिनिधि इन संकटग्रस्त क्षेत्रों का कभी मौका मुआयना नहीं करते न शासन को रिपोर्ट भेजते हैं।







**पानी की खातिर इतना कुछ ?-** आम जनजीवन और पशुओं को पीने के लिए सिर्फ जोहिला नदी से बहती हुई पानी की पतली धार ही उनके जीवन रेखा बनी हुई है। सुबह 4 बजे से ग्रामीण उठते हैं और महिलाएं, बच्चे, पुरूष सभी लगभग 4 से 5 किलोमीटर का सफर तय करके नदी तक पहुंचते हैं और फिर वहां 100 से 150 मीटर गहरी खाई नुमा गड्ढा खोदकर पानी एकत्र कर फिर पानी भर कर लाते हैं। जोहिला के तट पर पहुंचते हैं। कातुरदोना ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने लगभग सूख चुके बरसाती नाले के बीच में एक पुराना कुआं है। जिसे कई दशक पहले बनाया गया था, जर्जर कुएं की तलछटी पर एक फिट के आसपास पानी चट्टानों से रिस रिस कर जमा होता है। जब यह पानी संचित हो जाता है तो उसे लेने के लिए ग्रामीण मिट्टी तेल की सरकारी दुकान की तरह लाइन लगाते हैं। जान जोखिम में डालकर महिलाएं, बच्चे कुएं में उतरते हैं और फिर वहां से बंद बूंद पानी संजो कर पानी भरते है। अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि इस विधि से किसे कितना पानी मिलता होगा?

**खेती किसानी पर भी छाया संकट-** पानी केवल पीने के लिए ही नहीं बल्कि धरती को भी चाहिए। पानी बिना हरियाली संभव नहीं है, यहां की धरती केवल प्रकृति पर निर्भर करती है, वर्षा भी पर्याप्त नहीं होती है, इसलिए खेती किसानी पर भी संकट मंडरा रहा है। जब धरती को पानी मिलेगा तभी खेती किसानी हो सकेगी। ग्राम टिकरा भंवर में स्थानीय आदिवासियों की जो खेती की भूमि है , वह पूरी बंजर हो चुकी है। जब पीने को पानी ही नहीं मिल पा रहा है, जानवरों के लिए भी पानी नहीं है, तो ऐसी स्थिति में खेतों को पानी मिल पाना असंभव सा ही प्रतीत होता है। मौसम का तापमान दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। नदी, तालाब सूख चुके हैं और गिरते जलस्तर की वजह से कुओं का पानी पाताल में पहुंच चुका है। लोग अपने रोजमर्रा के काम छोड़कर अपनी प्यास बुझाने के लिए जतन कर रहे हैं। गर्मी ने अपने तीखे तेवर पूरी तरह अभी तक दिखाए नहीं है गर्मी जब अपने पूरे शबाब पर होगी तब हालात कितने भयावह होंगे इसकी कल्पना कर पाना भी कठिन है।

**बजने लगे जल संरक्षण के ढोल-** अप्रैल का महीना आते ही जल संरक्षण, जल संवर्धन के नारे लेकर सरकारी ढोल बजने लगते हैं। इस बार भी यही हो रहा है। सरकारी अफसर जागरुकता के नाम पर स्पीकर बजा कर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। स्लोगन दीवारों पर लिखे जा रहे हैं, रैलियां निकाली जा रहीं हैं। लेकिन इन कर्मकाण्डों से क्या वास्तव में जल संरक्षण हो पाता है? अमले के लोग कातुरदोना जैसे गांवों में जाकर स्थिति देखने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाते हैं। जागरुकता के कार्यक्रमों में आलाप टेर देने मात्र से क्या पानी मिल जाएगा? क्या जल प्रदाय करने वाली सरकारी योजनाओं का स्थल परीक्षण नहीं किया जाना चाहिए? क्या पानी के लिए परिस्थितिजन्य समीक्षाएं नहीं की जानी चाहिए?, सरकारी भोंपू तो केवल बातों के लिए है और बातों का क्या?। यहां कठघरे में सबसे अधिक जनप्रतिनिधि ही हैं जिन्हे कभी अपनी निरीह जनता याद नहीं आती है।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में छात्रों ने शुरू की एक्वेरियम परामर्श सेवा



### जलजीवों की दुनिया अब आपके घर तकः सजावटी मछलियों और जल पौधों के लिए विशेषज्ञ सलाह

**शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के मत्स्य विज्ञान विभाग के छात्रों ने एक अभिनव पहल करते हुए 'एक्वेरियम परामर्श सेवा' की शुरुआत की है। यह सेवा मत्स्य विभागाध्यक्ष प्रो. अमित निगम के सहयोग एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना राम के मार्गदर्शन में आरंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य सजावटी मछलियों, जल पौधों, एक्वेरियम की स्थापना एवं रखरखाव, जलजीव औषधियों और संबंधित उपकरणों के विषय में विशेषज्ञ सलाह और सहायता प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामशंकर जी ने स्वयं जलीय पौधे निम्फिया को खरीदकर इस सेवा की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की फैकल्टी डॉ. चेतना सिंह एवं डॉ. स्वाति पाण्डेय ने भी जल पौधे खरीदे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. शिवानी शर्मा, श्री राजपाल पाटले, श्री शिवम् कुमार भट्ट तथा विभाग के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**छात्रों को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर-** यह अनोखी पहल छात्रों के शैक्षणिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे वास्तविक जीवन स्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त करेंगे। साथ ही, यह सेवा स्थानीय स्तर पर जलीय जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करेगी।

**डॉ. वंदना राम ने जानकारी देते हुए बताया,** "यह सेवा न केवल छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगी। इसके माध्यम से छात्र विभिन्न घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक परिसरों में एक सुंदर, टिकाऊ और स्वस्थ जलीय वातावरण के निर्माण में सहायता कर सकेंगे।"

**स्थानीय समुदाय में जागरूकता और नवाचार का संदेश-** इस सेवा से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर जलीय जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि यह मत्स्य विज्ञान को केवल शैक्षणिक दायरे में सीमित न रखते हुए आम जनजीवन से जोड़ने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

**एक छात्र ने उत्साहित होकर कहा,** "हम इस पहल के जरिए अपने ज्ञान को प्रयोगात्मक रूप में प्रयोग कर पा रहे हैं। इससे हमें न केवल नया अनुभव मिल रहा है, बल्कि भविष्य के लिए नई संभावनाएं भी खुल रही हैं।" विश्वविद्यालय का यह प्रयास नवाचार, शिक्षा और रोजगार की त्रिवेणी के रूप में सामने आया है, जो आने वाले समय में अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है

**अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स**
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682



# ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आग
# गेहूं की फसल जलकर राख



**शहडोल।**

ज़िले के देवलौंद थाना क्षेत्र के चौरी गांव में बुधवार दोपहर एक किसान की गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई, जिससे उसकी पूरी फसल जलकर राख हो गई। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है, जब किसान अपनी फसल को गहाई के लिए खेत से मशीन की ओर ले जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी फसल रास्ते में गुजरते समय ऊपर से गुज़र रही बिजली की लाइन से टकरा गई, जिससे तार टूट गया और शॉर्ट सर्किट के चलते ट्रॉली में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर के इंजन को ट्रॉली से अलग किया और बोरवेल की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। मौके पर दमकल वाहन को भी बुलाया गया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी।

थाना प्रभारी डी.के. दहिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। आगजनी की घटना को लेकर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।

घटना के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने घटनास्थल का जायज़ा लिया। ब्लॉक विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर किसान को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और पंचनामा बनवाने की कार्यवाही शुरू करवाई। गौरतलब है कि बीते सप्ताह जिले के सीधी थाना क्षेत्र में भी एक किसान के खपड़ेल मकान में आग लगने से भारी नुकसान हुआ था। उस घटना में भी किसान की पूरी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई थी, हालांकि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए थे।



# अवैध रेत परिवहन में लिप्त वाहन जब्त, आरोपी गिरफ़्तार

**बुढ़ार।** थाना बुढ़ार पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डग्गी वाहन को अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा ,सूचना प्राप्त हुई थी कि नगर पालिका बुढ़ार के पास एक वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए थाना बुढ़ार पुलिस द्वारा क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक रेत लोड डग्गी वाहन को आते हुए देखा गया। पुलिस की घेराबंदी को देखते ही चालक वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पीछा कर मौके पर ही पकड़ लिया गया।पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम विमल सिंह (उम्र 20 वर्ष), निवासी ग्राम जरवाही, थाना बुढ़ार बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रेत लदी पाई गई। जब चालक से परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।बुढ़ार पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डग्गी वाहन को रेत सहित जप्त कर लिया तथा आरोपी चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं खनिज अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक चेतराम कौशिक, आरक्षक जयकृष्ण चतुर्वेदी एवं शिवकुमार सोनवानी, तथा टीम के सदस्य सूर्यप्रताप सिंह परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### थाना क्षेत्र में बढ रही चोरी की घटनाएं

**कोतमा।** ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। नये मामले में लोढी गांव में रहने वाली महिला रक्षा यादव 25 वर्ष पति गोपाल यादव के घर में अज्ञात चोरों के द्वारा घर खाली पाकर दिनदहाड़े चोरी करते हुए 10 हजार नगदी, सोने चांदी के जेवरात, एलइडी टीवी सहित घरेलू सामान बर्तन व अन्य सामान की चोरी कर ले गए। सूचना पर पुलिस के द्वारा घटनास्थल पहुंच जांच करते हुए चोरों के बारे में पता तलाश की जा रही है। फरियादी के अनुसार चोरों के द्वारा घर की कुंडी को तोड़कर कमरे को अस्त व्यस्त करते हुए अलमारी का लॉक तोड़कर 10 हजार रुपए नगदी, सोने का मंगल सूत्र, टॉप्स, चांदी का पायल, पाजेब, चांदी का सिक्का सहित घरेलू सामान भी पार कर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए तलाश कर रही है।

### बाड़ी में आग से किसान का पैरा हुआ खाक



**कोतमा।** कोतमा गर्मी का तापमान बढ़ते ही आग़जनी की घटनाएं भी आए दिन सामने आने लगी हैं। बुधवार को थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले कृषक नरेंद्र साहू के घर की बाड़ी में अचानक आग लगने से 3 गाड़ी पैरा जलकर खाक हो गया। आग लगते ही आस पास के घरों के लोगों में हड़कंप मच गया। गर्मी एवं तेज हवाओं के कारण आग ने जल्दी ही पैरा को जला दिया। आग से लगभग 10 हजार के नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से 1 घंटे तक पंप एवं घरों से पानी लाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि अचानक पीछे तरफ से आग लगना शुरू हुआ था। लोगों द्वारा आसपास के हैंड पंप व घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस में की गई है। घटनास्थल पहुंच आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### बिजुरी के भालूगड़ार व भवनिया तालाब को बनाया गया जनाकर्षक

**बिजुरी।** जिले में 30 मार्च से शुरु हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पुराने जल स्त्रोतों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बिजुरी अंतर्गत भालूगड़ार एवं भवनिया तालाब के घाट एवं सीढ़ियों का रंग रोगन कर जन आकर्षक बनाया गया है व तालाब के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार नगर परिषद डूमरकछार में वार्ड क्र. 1 के स्टॉप डैम के पीछे बोरी बंधान कार्य के साथ ही मुक्तिधाम के पास स्टाप डैम से जलीय खरपतवार एवं कचरा निकासी का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आज नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पार्षदगण, समाजसेवी तथा नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा श्रमदान कर सहभागिता निभाई गई। इसी तरह अमरकंटक के पुष्कर डैम के पास भी साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।

## संविधान निर्माता बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किये गए। ततपश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को रथ में सुसज्जित कर डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए जय भीम जय संविधान के उद्घोष के साथ भव्य जुलूस नगर में भृमण किया । बाबा साहब की तस्वीर का जगह जगह पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान किया गया। मुख्य कार्यक्रम अम्बेडकर चौक बड़वारा में आयोजित किया गया जहां पुष्प सुमन अर्पित किए गए व नमन किया गया। तत्पश्चात उनके जीवन चरित्र पर वक्तव्य दिए गए। कंधी लाल ने कहा कि बाबा साहब महान विचारक, सामाजिक समरसता के शिल्पकार बहुआयामी प्रतिभा के धनी, राष्ट्र को बहुआयामी संविधान देने वाले महान प्रतिभा के प्रतिमूर्ति थे।

बाबा साहब ने समाज के शोषित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने के लिए अद्वितीय कार्य किया है। हम सब लोग दलित शोषित व उपेक्षित वर्ग के मसीहा बाबा साहब को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं। ओमकार सिंह(खली) ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन काल मे समाज के हर व्यक्ति को समाज की मूल धारा से जोड़ने का कार्य किया है। राजेश चौधरी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती समाज मे एकता स्थापित करने का संदेश लेकर आती है।

## शालेय राष्ट्रीय फुटबाल चयनित खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं



**शहडोल।** शालेय राष्ट्रीय फुटबाल 14 वर्ष आयु वर्ग में कुमारी दिव्या बैगा, प्रीतम कुमार, भास्कर चौहान, यशवर्धन भंडारी का चयन होने पर कमिश्नर शहडोल संभाग शहडोल श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही खिलाडय़िों को खेल सामग्री भी प्रदान की। सहायक संचालक खेल (एन आई एस)फुटबॉल कोच रईस अहमद ने बताया कि शालेय राष्ट्रीय फुटबाल 14 वर्ष आयु वर्ग बालक, बालिका, प्रतियोगिता का आयोजन कोल्हापुर( महाराष्ट्र )में दिनांक 25 से 29 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगा जिसका प्री-नेशनल कोचिंग कैंप 18 से 22 अप्रैल 2025 तक सतना में आयोजित होगा, शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खालवा, (खण्डवा), में आयोजित किया गया था ,जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम इन खिलाडियों का चयन किया गया, चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे उनके नाम है, प्रीतम कुमार पिता विजय कुमार कक्षा 8 दक्षिण पूर्व मध्य मिश्रित हाई स्कूल रेलवे शहडोल ,भास्कर चौहान पिता महोदवे राज कक्षा 8 महर्षि विद्या मंदिर स्कूल शहडोल , यशवर्धन भंडारी पिता कमलेश कक्षा 7 गुड शेफर्ड कन्वेंट स्कूल शहडोल के नाम शामिल है।

## आरबीसी के प्रकरणों में प्रभावितों को तत्कालिक सहायता दिलाएंः आयुक्त

**शहडोल।** राजस्व संबंधी समस्त कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाएं। शासन द्वारा आरसीएमएस, नामातंरण, बंटवारा,सीमाकंन, नक्शा तरमीम, डायवर्सन के प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा में तय की गई है। संबंधित न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से न्यायालय में बैठे तथा प्रकरणों का निराकरण करें। जिन न्यायालयों में 10 प्रतिशत से कम प्रकरणों का निराकरण हुआ है उनके पीठासीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की जाए। संबंधित एसडीएम नियमित रूप से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण करें तथा समय-सीमा से बाह्य प्रकरणों के निराकरण के संबंध में पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित करे यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आयुक्त कार्यालय के अमरकंटक कक्ष के सभागार में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, अपर कलेटर अनूपपुर,संभाग के सभी मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा एसडीएम उपस्थित रहें। आयुक्त शहडोल संभाग ने कहा कि शासन द्वारा आरबीसी में प्रभावित परिवारों को तत्कालिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। संबंधित अधिकारी ऐसे प्रकरणो में संवेदनशीलता बरतें तथा यथासंभव शीघ्रता के साथ सहायता राशि उपलब्ध कराएं। आपने नक्शा तरमीम, डायवर्सन, अभिलेख दुरुस्ती, धारणाधिकार के प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा उनके निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित कलेक्टरो को प्रकरणों का निराकरण करने, ऐसे पेंशन के प्रकरण जो वेतन निर्धारण या विभागीय जांच के कारण निराकरण के लिए लंबित है उन्हें शीघ्र निराकरण कराएं। इसी तरह राजस्व से संबंधित जो प्रकरण न्यायालयों में दर्ज है उनका जवाबदावा समय पर प्रस्तुत कर दिया जाए। शासकीय सेवको की सेवा पुस्तिकाएं अपडेट रखी जाए जिससे वे अपने क्लेम के भुगतान हेतु भटकना नही पड़े। जनसुनवाई एवं समय-सीमा के पत्रो पर त्वरित कार्यवाही कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## 27 वर्ष पुराने दीवानी दावे के इजराय का अंतिम निराकरण व्यवहार न्यायाधीश ने करते हुये ऐतिहासिक फैसला पारित किये

बुढार।

ग्राम-नेमूहा स्थित आराजी खसरा नंबर 198,203,264,207 एवं 713 के स्वत्व की घोषणा का एक दावा बुढार न्यायालय में सिद्धनाथ पाण्डेय द्वारा अर्सा 27 वर्ष पूर्व प्रस्तुत किया गया जिसमे बुढार न्यायालय द्वारा वादी के पक्ष में निर्णय पारित करते हुये उसे विवादित भूमिं का भूमि स्वामी घोषित किया गया जिसके विरूद्ध प्रतिवादी रमा गोविन्द द्वारा जिला न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई, जिसमे व्यवहार न्यायालय बुढार का फैसला पलट दिया गया था और विरोधी आधिपत्य के आधार पर प्रतिवादी को भूमि स्वामी घोषित कर दिया गया।

जिसके विरूद्ध वादी ने माननीय उच्च न्यायालय में अपील प्रस्तुत की जिसे खारिज कर दी गई जिसके विरूद्ध वादी द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय मे पेश की गई एसएलपी (सिविल) को भी माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 30 जुलाई 2019 को खारिज कर दिया गया। तथा जिला न्यायालय द्वारा घोषित फैसले को सही करार दिया गया इस संबंध मे इजराय प्रस्तुत किये जानें पर प्रकरण बुढार न्यायालय में लंबित रहा जिस पर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ बुढार के विव्दान न्यायाधीश मा. ऋषव दीक्षित ने दिनांक 2 अप्रैल 25 को उक्त इजराय प्रकरण का पटाक्षेप करते हुये डिक्रीदार रमा गोविन्द के वारिसान अरूण कुमार द्विवेदी के पक्ष में उन्हे विवादित भूमिं का कब्जा दिलाते हुये अन्तरवर्ती लाभ के रूप मे 2 लाख रूपये दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया। इस मामले में डिक्रीदार रमा गोविन्द के वारिसानो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद गौतम ने पैरवी की।

## यज्ञ मैदान में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

**धनपुरी।** कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाइज एसोसिएशन, सिस्टा एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती धनपुरी नंबर 1 यशस्थल मैदान में हर्षोल्लास व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश पनिका ने जानकारी दी।कार्यक्रम की शुरुआतःकार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा डॉ. अम्बेडकर एवं भगवान गौतम बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात सर्वधर्म भगवान बुद्ध की वंदना की गई।मुख्य अतिथिःरामपुर एवं बड़तरा ओसीएम उपक्षेत्र के खान प्रबंधक श्री अर्जुन पी. जोड़े एवं जमुना कोतमा क्षेत्र के श्री एल.बी. प्रसाद ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में समाज विशेषकर गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों से अपने बच्चों को हर परिस्थिति में अच्छी शिक्षा देने की बात कही।उपस्थितिःकार्यक्रम में आनंद मोहन जायसवाल, दिलीप चौधरी, नौशर्मा खान, सुरेश वर्मा, कमलेश साकेत, राजकुमार सिंह, छात्र राणा धनंजय, आयुषी त्रिवेदी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री बुदेल यादव ने भाग लिया। बुदेल यादव ने बाबासाहेब के जीवन पर विरहा गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।अध्यक्षता एवं आयोजनःकार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश प्रसाद कुशवाहा ने की। विशेष अतिथि श्री गौरेलाल पनिका, सिस्टा संगठन के सचिव सुरेश सिंह मरावी, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, अनिल कुमार धुर्वे, ओमप्रकाश धुर्वे, मुन्ना लाल चौधरी, युधिष्ठिर यादव, हर प्रसाद वर्मा, रनो पनिका, बैजनाथ प्रजापति, उमेश दहिया, सुरेश प्रजापति, सुबाष पनिका, एस पी साकेत, रमेश चंद्र पनिका सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जन सहभागिताःकार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं, बच्चे एवं युवा मौजूद थे। संचालन मनोफेर प्रसाद पनाडिया ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमःकार्यक्रम में ब्यौहारी से आए कलाकारों ने संगीत के माध्यम से बाबासाहेब के मिशन पर आधारित गीत और छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

## कॉम्बिंग गश्त में पांच वारंटी पकड़ाए, कोतमा न्यायालय में किया पेश

**रामनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 16 अप्रैल को थाना रामनगर पुलिस द्वारा 05 वारंटो को तामील किया गया। न्यायालय के निर्देश पर थाना रामनगर पुलिस ने विभिन्न गंभीर मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की थी। इसी क्रम में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमे रमेश सिंह गोंड पिता बंशीलाल गोंड, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 34, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 669/24 धारा 292/24, 34(ए) भादंवि के तहत वारंट जारी था। संदीप गोंड पिता बंशीलाल गोंड, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 34, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 1037/22 धारा 375/22 एवं 447/186 भादंवि में वारंट जारी था। साहिल शर्मा पिता विजय शर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 401/23, 249/23 एवं 281/23 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत वारंट जारी था। लल्लू परसेंनिया पिता मुनna परसेंनिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 7, सीही दफाई, थाना रामनगर। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 430/23 धारा 294, 323, 506 भादंवि में वारंट था। मुन्ना परसेंनिया पिता वीरन परसेंनिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6, फुलवारी टोला। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 598/23 एवं 418/24 धारा 294, 323, 506 भादंवि के तहत स्वारंट जारी था।

## उमरिया मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर व्यापारी संघ पाली ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

बिरसिहपुर पाली



24 अप्रैल से अनिश्चितकालीन व्यापार बंद की चेतावनी उमरिया शहडोल-उमरिया मार्ग की अत्यंत जर्जर स्थिति से परेशान होकर व्यापारी संघ बिरसिंहपुर पाली ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द सड़क का डामरीकरण व मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 21 अप्रैल तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तो 24 अप्रैल से पूरे क्षेत्र का व्यापार अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह मार्ग पाली शहर के बीचोंबीच से होकर गुजरता है और उत्कृष्ट विद्यालय पाली से लेकर जैन पेट्रोल पंप तक की सड़क बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे न सिर्फ स्थानीय नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि व्यापार पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है। व्यापारियों के अनुसार खराब सड़क के कारण न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं।व्यापारी संघ ने आरोप लगाया है कि NH-43 बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य भी पिछले 7-8 वर्षों से अधर में लटका हुआ है। निर्माण की धीमी गति से ऐसा प्रतीत होता है कि यह कार्य अगले 2-4 वर्षों में भी पूर्ण नहीं होगा। ऐसी स्थिति में प्रशासन को चाहिए कि शहर के बीचोंबीच गुजरने वाले इस प्रमुख मार्ग का तत्काल डामरीकरण करवाया जाए, जिससे स्थानीय निवासियों, स्कूली बच्चों और व्यवसायियों को राहत मिल सके।ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मार्ग की खराबी के कारण अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। व्यापारी संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा तक प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की, तो 24 अप्रैल से व्यापारीगण सामूहिक रूप से अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे।

## दो साल से फरार 5000 के इनामी आरोपी को कोतमा पुलिस ने किया गिरफ्तार



### तीन वारंटी भी गिरफ्त में

**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा से तहरीर प्राप्त हुई कि घायल विष्णु लोनी पिता स्व.रंगेलाल लोनी उम्र 19 साल निवासी सिलपुर को बेहोशी हालत में कोतमा अस्पताल इलाज हेतु लाया गया है जिसे तत्काल अनूपपुर रेफर किया गया, उक्त तहरीर की जांच दौरान घायल विष्णु लोनी की मां सरोजिनी लोनी पति स्व. रंगेलाल लोनी से पूछताछ कर कथन लिया गया जो बताई कि 22/11/ 2023 की 9:00 बजे रात्रि में नंदकुमार लोनी, बादल लोनी एवं बसंत लोनी के द्वारा एक्सीडेंट की बात पर से विष्णु लोनी को लाठी से मारपीट कर चोंट पहुंचाये हैं जिस पर अपराध क्रमांक 491/23 धारा 294, 323 ,506 ,34 आईपीसी का अपराध प्राथमिक रूप से दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। दौरान विवेचना आहत विष्णु लोनी की इलाज के दौरान बिलासपुर अस्पताल में मृत्यु होने पर मामले में धारा 302 आईपीसी बढ़ाई गई मामले की विवेचना दौरान नंदकुमार लोनी एवं बादल लोनी दोनों निवासी सिलपुर को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा चुका है, मामले में फरार चल रहा आरोपी बादल लोनी की लगातार पता तलाश की जा रही थी और पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु इसके विरुद्ध 5000/- के इनाम उद्घोषित किए हैं। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोतमा के निर्देशन में खाना प्रभारी कोतमा के नेतृत्व में बादल लोनी पिता शंकर लोनी उम्र 28 साल निवासी सेमरा थाना बुढार जिला शहडोल को कांबिंग गस्त के दौरान आरोपी के घर ग्राम सेमरा बुढार से घर की घेराबंदी कर हिकमत अमली से दस्तयाब कर मामले में गिरफ्तार किया गया है, आरोपी को कई बार घेराबंदी किया गया किंतु कहीं से सूचना मिलने पर फरार हो जाता था, कांम्बिग गस्त के दौरान प्र. क्रमांक 703/23 धारा 379, 411, 34 आईपीसी के गिरफ्तारी वारंटी देवशरण सिंह पिता लाल सिंह उम्र 35 साल निवासी ठोडहा, प्रकरण क्रमांक 786/19 धारा 294, 323, 506 आईपीसी के वारंटी कैलाश चौधरी पिता लालमणि चौधरी उम्र 27 साल निवासी मुडधोवा एवं प्रकरण क्रमांक 1879/19 धारा 294, 323, 325, 506, 34 आईपीसी के वारंटी अजय यादव पिता कोमल प्रसाद यादव उम्र 27 वर्ष निवासी देवगांव थाना भालूमादा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## ठेकेदारी कामगारो को भी बायोमेट्रिक हाजिरी से जोडने एचएमएस ने की मांग

**ज़मुना/बदरा।** एसईसीएल मे सभी कर्मचारियों को बायोमेट्रिक मशीन मे अपनी उपस्थिति को इन और आउट करवा कर दर्ज करायें जाने का जारी हुये आदेश का कंपनी के श्रमिकों मे रोष व्याप्त है ज़मुना कोतमा क्षेत्र के कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत का कहना है कि एचएमएस संघ प्रबंधन के इस आदेश का पुरजोर विरोध करेगा क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों में लगभग 1000 से 1300 ठेका कामगार विभिन्न विभागों में टेंडर प्रक्रिया द्वारा लगाए गए हैं जिसमे हर नियमों को दरकिनार करते हुए रजिस्टर, कोरा कागज या उपस्थित पत्रिका में दर्ज कर माह के अंत में एलपीसी में लीपापोती कर मनचाहा भुगतान किया जाता है जिसमें बहुत बड़ी विसंगतियां है। इस संदर्भ में प्रबंधन समानता के दृष्टिकोण से क्षेत्र की सभी भूमिगत खदानों के ठेकेदारी कामगारों एवम आमाडाड खुली खदान में नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड के (लगभग 650 ठेका कामगार)कार्यरत हैं, उनकी भी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन मे दर्ज करवायें जिससे हाई पावर कमेटी के निर्देशानुसार सभी ठेका कामगारों का वेतन पर्ची भी विभागीय कर्मचारियों की तरह जारी हो, ज़सिसे ठेकेदारी कामगारों को हाई पावर कमेटी की अनुशंसा अनुसार तय वेतन का लाभ मिल सके और आर्थिकशोषण से बच सके ।



वि भा गी य कर्मचारियों मे कंपनी की दोहरी नीति से बहुत रोष व्याप्त है। प्रबंधन एवम संबंधित ठेकेदार अपने निजी लाभ के कारण ठेकेदारी काम गारों को बा यो मे ट्रि क हाजिरी व्यवस्था से दूर रखना चाहता हैं ज़सिसे कामगारों को हाई पावर कामेटी की अनुशंसा के अनुरूप वेतन न देकर उनका शोषण कर सके और ठेकेदार से निजी लाभ प्राप्त करते रहे और क्षेत्र के अधिकारियों के आवास मे काम करने वाले ठेकेदारी कामगारों की फ्री सुविधा बनी रहे। आज वर्तमान स्थिति ऐसी है की कंपनी में विभागीय कर्मचारियों से कही ज्यादा ठेका कामगार कार्य पर लगाए गए हैं। संघ जब तक ठेकेदारी कामगारों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन मे दर्ज नही होता है किसी भी विभागीय श्रमिक से बायोमेट्रिक मशीन मे उपस्थिति दर्ज करने को प्रबंधन बाध्य नही करा सकता हैं अन्यथा संघ इस शोषण के खिलाफ कोयला मंत्रालय, पीएमओ विभाग, सतर्कता विभाग एसईसीएल एवम सीआईएल मुख्यालय को उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु विवश होगा।

## भालूमाड़ा पुलिस ने जप्त किया अवैध पेट्रोल

**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा स्टाफ द्वारा 14 अप्रैल को दौरान वाहन चेकिंग ग्राम बगडुमरा देवी चौरा तिराहा के पास मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो वाहन कार में अवैध रुप से ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल लेकर मरवाही परासी तरफे से भालूमाडा तरफ आ रहे है सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी रमेश गुप्ता पिता बैजनाथ गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी पयारी नं. 02 के द्वारा एक टोयटा कम्पनी की कार क्रमांक MP 18 C 6685 की डिक्की में एक प्लास्टिक के जरिकेकन में अवैध रुप से ज्वलनशील पदार्थ लगभग 50 लीटर पेट्रोल व एक हरे कलर के प्लास्टिक के जरिकेन में अवैध ज्वलनशील पदार्थ लगभग 10 लीटर पेट्रोल डिक्की में उपेक्षा पूर्ण ढंग



से रखे होना पाये जाने से कुल 60 लीटर पेट्रोल कीमती 7080 रुपये एवं टोयटा कम्पनी की कार क्रमांक MP 18 C 6685 कीमती 5,00,000 रुपये को जप्त किया गया जिसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 161/2025 धारा 287 बीएनएस 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का कायम किया गया एवं आरोपी मनीष गुप्ता पिता गणेश गुप्ता उम्र 20 वर्ष एवं राकेश कुमार पनिका पिता प्यारेलाल पनिका उम्र 35 वर्ष दोनो निवासी ग्राम निमहा हाल भाद तिराहा थाना भालूमाडा के कब्जे से एक मारुति सुजुकि नेक्सा XL6 क्रमांक MP 65 ZB 6898 की डिक्की में एक नीले कलर के एक प्लास्टिक के जरिकेन में अवैध ज्वलनशील पदार्थ लगभग 30 लीटर पेट्रोल व दो सफेद कलर के प्लास्टिक के जरिकेन में ज्वलनशील पदार्थ 10 - 10 लीटर पेट्रोल कार की डिक्की में उपेक्षा पूर्ण ढंग से रखे होना पाये जाने पर कुल पेट्रोल 50 लीटर कीमती 5900 रुपये एवं कार मारुति सुजुकि कीमती 10,00,000 रुपये को पंचानों के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 162/2025 धारा 287 बीएनएस 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सिलौड़ी में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**सिलौड़ी।** डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती आसपास के सभी ग्राम पंचायतों में मनाई गई। मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय,सरपंच दशरमन सीमा भरत शुक्ला ,खमरिया सरपंच अनिल सिंह बागरी,सरपंच कछार गांव बड़ा कैलाश चंद्र जैन ने पुष्प अर्पित कर उनकी जन्म जयंती मनाई। ग्राम पंचायत में ग्राम सभा में विकास कार्यों की चर्चा की । इस दौरान डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया ।

### कछारगांव बड़ा में खरीदी केन्द्र प्रारंभ

**सिलौड़ी।** सिलौंडी के कछार गांव बड़ा में गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच कैलाश चंद्र जैन, सरपंच अनिल सिंह बागरी, पूर्व सरपंच राजेंद्र बागरी, ओमकार उपाध्याय ने किया। शासन के निर्देश में शासन के नियमों के अनुसार किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य होगा ।इस दौरान दीनू बागरी, प्रवीण बर्मन,प्रह्लाद तिवारी,रघुवीर बागरी , गोविंद बागरी, आदि मौजूद रहे।

### नरवाई जलाने पर अब तक 15 एफआईआर दर्ज

**कटनी।** फसल अवशेष नरवाई जलाने के विरूद्ध कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर बरही पुलिस थाने में एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिले में अब तक 18 व्यक्तियों के विरूद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में 15 प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। 15 वीं एफआईआर सोमवार 14 अप्रैल को दर्ज कराई गई है। फसल अवशेष नरवाई जलाने पर पुलिस थाना बरही में ग्राम करौंदी खुर्द निवासी जितेन्द्र पिता रामनरेश ताम्रकार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ग्राम कोटवार रामफल दाहिया पिता नर्मदा प्रसाद दाहिया ने पंचनामा और हल्का पटवारी का प्रतिवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें उल्लेखित किया कि ग्राम करौंदी खुर्द के हल्का पटवारी नं. 9 स्थित भूमि खसरा नंबर 2194 एवं 2193 की नरवाई में आग लगाई गई। जो कलेक्टर द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इसके लिए प्राथमिकी दर्ज की गई।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जुजावल निवासी विजय भूमिया की 31 वर्षीय पत्नी ने किन्ही अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। बताया पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

### देशी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना के गांधी द्वारा के पास एक युवक के पास से पुलिस ने 100 पाव देशी मदिरा जप्त करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी के स्थानीय गांधी द्वारा के पास एक युवक द्वारा देशी शराब की तस्करी कर रहा है।

# समानता का अधिकार दिलवाने डॉ. अंबेडकर का संपूर्ण जीवन समर्पित रहाः अमित कर्नल

**संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती बसपा द्वारा श्रद्धापूर्वक मनायी गई**

बुढार।





संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बहुजन समाज पार्टी द्वारा भव्यता पूर्वक मनायी गई और नगर के मुख्य मार्गों पर अंबेडकर जी की शोभायात्रा बाजे - गाजे के साथ निकाली गई।

बसपा द्वारा इमली टोला में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा डॉ भीमराव जी के 134 वें जन्मदिवस पर बसपा नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किये।

बसपा जिला प्रभारी अमित कर्नल के मुख्यातिथि में तथा बसपा जिलाध्यक्ष प्रेम चौधरी की अध्यक्षता व बसपा प्रभारी शंखूलाल अहिरवार, जिला बसपा उपाध्यक्ष शीतेष त्रिवेदी, जिला महासचिव संजीव सम्राट, विधानसभा प्रभारी बोधू चौधरी, बसपा नेता छोटेलाल अहिरवार के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि बसपा शहडोल जिला प्रभारी अमित कर्नल ने परम पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धा नमन करते हुये कहाकि - दलितों, गरीबों एवं बेसहारा लोगों को समानता का अधिकार दिलवाने अंबेडकर जी का संपूर्ण जीवन समर्पित रहा ऐसे महापुरुष को समूचा राष्ट्र स्मरण कर रहा है और अंबेडकर जी के विचारों को बसपा आत्मसात कर पीड़ति जनों के न्याय व हक के लिये संघर्षरत है। विशिष्ट अतिथि शंखूलाल चौधरी ने कहाकि - बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी एवं प्रदेशाध्यक्ष जयकांत पिप्पल जी के दिशा निर्देशन पर सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय की पुनीत भावना से संगठन को गतिशील बनाने बसपा जुटी हुई है और नागरिकों की आस्थायें तेजी से बसपा में जुट रही है। श्री चौधरी ने कहाकि - बसपा को गतिशील बनाये जानें प्रिय पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. मुन्नालाल चौधरी का अविस्मरणीय योगदान रहा जिनकी कमीं आज हम सभी को खल रही है। बसपा जिलाध्यक्ष प्रेम चौधरी ने मुख्यातिथ व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - बहुजन समाज पार्टी संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब की जयंती मनाते हुये अपने आप को गौरवान्वित मानती है कि - संविधान का निर्माण कर सभी को समानता का अधिकार अर्जित करवाया जिनको समूचा राष्ट्र स्मरण कर रहा है। श्री चौधरी ने कहाकि - बसपा न्याय व हक की सदैव पक्षधर रही है और सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता शीतेष त्रिवेदी, संजीव सम्राट, बोधू चौधरी, छोटेलाल अहिरवार ने भी बाबा साहेब के संदर्भ में अपने प्रेरक विचार व्यक्त किये।

बसपा जिला सचिव दामोदर शर्मा तथा जिला कोषाध्यक्ष रंगलाल चौधरी के अगुवाई में डॉ अंबेडकर जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में पार्टी जन सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन संत विलास चौधरी ने किया। जयंती अवसर पर - राकेश चौधरी, पार्षद हरीशचंद्र केवट, रामदीन साकेत, राजू साकेत, धीरू सिंह, राजू चौधरी, विश्राम प्रजापति, अशफाक अशरफी, कैलाश चौधरी, मथुरादीन चौधरी, गिरधारी चौधरी सहित बसपा जनों की विशिष्ट उपस्थिति रही।

## संविधान निर्माता बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किये गए। ततपश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को रथ में सुसज्जित कर डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए जय भीम जय संविधान के उद्घोष के साथ भव्य जुलूस नगर में भृमण किया । बाबा साहब की तस्वीर का जगह जगह पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान किया गया। मुख्य कार्यक्रम अम्बेडकर चौक बड़वारा में आयोजित किया गया जहां पुष्प सुमन अर्पित किए गए व नमन किया गया। तत्पश्चात उनके जीवन चरित्र पर वक्तव्य दिए गए। कंधी लाल ने कहा कि बाबा साहब महान विचारक, सामाजिक समरसता के शिल्पकार बहुआयामी प्रतिभा के धनी, राष्ट्र को बहुआयामी संविधान देने वाले महान प्रतिभा के प्रतिमूर्ति थे। बाबा साहब ने समाज के शोषित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने के लिए अद्वितीय कार्य किया है। हम सब लोग दलित शोषित व उपेक्षित वर्ग के मसीहा बाबा साहब को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं। ओमकार सिंह(खली) ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन काल मे समाज के हर व्यक्ति को समाज की मूल धारा से जोड़ने का कार्य किया है। राजेश चौधरी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती समाज मे एकता स्थापित करने का संदेश लेकर आती है।

## कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

## ब्लॉक कांग्रेस बुढार एवं मंडलम धनपुरी का संयुक्त कार्यक्रम

धनपुरी।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार और मंडलम कांग्रेस कमेटी धनपुरी के संयुक्त नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा में टिप्पणी के विरोध में काफी संख्या में कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ टिप्पणी करने वाले तथा कथित व्यक्ति विक्रांत तिवारी के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से मोदी सरकार द्वारा नफ़रत और द्वेष के भाव से यूपीए के चेयरमैन श्रीमती सोनिया गांधी जी तथा देश के सदन में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के विरुद्ध ईडी की कार्यवाही के विरुद्ध महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम बुढार तहसीलदार जी के माध्यम से तहसीलदार बुढार को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से आनंदमोहन जयसवाल, नौशेरमा खान, इबरार खान, मोहम्मद आजाद, संतोष सिंह सेंगर, रामसिंह, कमलेश शर्मा, सौरभ सिंह मनु, एस पी सिंह, अनिल जयसवाल, प्रशांत जैन, सौरभसिंह, मनु, सनाउल्ला खान, हर्ष पाठक, गणेश कुशवाहा, शिफ्टेन खान शालू, यूसुफ खान, फैज कुरैशी, आसिफ खान गोलू, पुष्पेंद्र शर्मा, इरशाद खान, मोहन बैगा, गणेश नापित, राजा, हेमन्त शर्मा, ओमकार सिंह, अजितेश प्रकाश रिशु, जुल्फकार अली, इनायत अली, वाशिम खान सोमू, मोहसिन खान लल्ला, अदनान खान, अमन कुरैशी, आसिफ खान गोलू, पुष्पेंद्र शर्मा, इरशाद खान, मोहन बैगा, गणेश नापित, राजा, हेमन्त शर्मा, ओमकार सिंह, अजितेश प्रकाश रिशु, जुल्फकार अली, इनायत अली, वाशिम खान सोमू, मोहसिन खान लल्ला, अदनान खान, अमन अली, अरमान मंसूरी, एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, राजीव शर्मा, मंडलम अध्यक्ष मो साबिर तथा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आए 107 आवेदन, निराकरण के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरही



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 107 लोगों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 107 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देश पर तहसील, विकासखण्ड मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित की गई । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहे।

शिकायतकर्ता रमा विश्वकर्मा पति रमेश कुमार विश्वकर्मा निवासी इंदिरा ज्योति कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड ने आवेदन देते हुए उज्वला योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग करते हुये कहा कि मैं मजदूर महिला हूँ एवं मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हूँ। मैं उज्वला योजना का कनेक्शन प्राप्त करना चाहती हूँ लेकिन जब भी गैस एजेंसी जाती हूँ तो मुझे यह कहकर टाल दिया जाता है कि अभी योजना नहीं चल रही है जब चलेगी तो आपको योजना के तहत कनेक्शन दिया जायेगा। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके अलावा ग्राम पंचायत तमुटिया निवासी राजेन्द्र कुमार परधान द्वारा दिये गये आवदेन में बताया कि मैं विगत पांच वर्षों से ग्राम पंचायत तमुटिया में चौकीदार हूँ। लेकिन विगत 10 माह से मुझे वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसी प्रकार फारेस्टर वार्ड निवासी संतोष सिंह पिता स्व. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि घर में मां सहित हम दो सदस्य हैं। मां झाड़ू-पोछा का कार्य करती है एवं मैं मजदूरी करके जीवनयापन करता हूँ। लेकिन पिछले कुछ समय से ब्रेन एवं रीढ़ की हड्डी में तकलीफ होने से मैं मजदूरी नहीं कर पा रहा हूँ। मेरा ईलाज जबलपुर में चल रहा है।

## इंद्रा नगर में श्रमिकों ने किया बाबा साहब को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर इंद्रानगर बस्ती में श्रमिकों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्ग,युवा,महिलाएं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रमिक नेता कमलेश पटेल रहे जिन्होंने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के उत्थान के लिए बाबा साहब के द्वारा लाये गए हिन्दू कोड बिल का जिक्र किया जिसके माध्यम से देश की महिलाओं को मताधिकार, पैतृक संपत्ति में बेटे के बराबर की हिस्सेदारी जैसे अधिकार दिलाये जाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं को भी बाबा साहब के जीवन के बारे में अपने अपने विचार रखने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया जिसमें खासतौर पर छात्र, छात्राओं द्वारा रखे गए विचारों को श्रोताओं ने तालियाँ बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आंबेडकर साहब द्वारा दिए गए तीन मूल मंत्र बंधुता, समानता, स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला गया।

# एसईसीएल अमलाई ओसीएम में कोयला चोरी

## कोल डस्ट और पानी संकट बना जनजीवन के लिए मुसीबत, दुर्घटना की आशंका भी गहराई

धनपुरी।









एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) सोहागपुर एरिया की अमलाई ओपन कास्ट माइन (ओसीएम) इस समय कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। एक ओर कोयला चोरी के मामलों ने खदान प्रबंधन की नींद उड़ा रखी है, वहीं दूसरी ओर कोल डस्ट और खदान में पीने के लिए पानी की किल्लत ने लेवर और ट्रांसपोर्टरों को परेशान कर रखा है। 3 वर्ष पहले गेट में सिंटेक्स और बोर कराया गया था तब पानी की व्यवस्था ठीक-ठाक थी लेकिन वह व्यवस्था अब देखने को नहीं मिल रही है।कोयला चोरी कोयला यार्ड में बीते कुछ समय से लगातार कोयला चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय सूत्रों और मजदूरों के अनुसार, यह चोरी सुनियोजित ढंग से हो रही है जिसमें खदान में तैनात कुछ सिक्योरिटी गार्डों की मिलीभगत बताई जा रही है। इन अवैध गतिविधियों के चलते कालरी प्रबंधन को काफी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और खदान की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है।कोल डस्ट से स्वास्थ्य पर बुरा असरखदान के आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में कोल डस्ट की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है। खदान प्रबंधन द्वारा पानी का छिड़काव दिन में दो से तीन बार किया जाता है, लेकिन तेज धूप के कारण पानी जल्दी सूख जाता है और रोड के किनारे किनारे मोटी डस्ट जमा हुआ है जो डस्ट पुनः उड़ने लगता है। इससे न सिर्फ लोगों को सांस की बीमारी, आंखों में जलन और त्वचा रोग जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खतरे की घंटी बन चुकी है।ट्रांसपोर्टरों को पानी के लिए भटकना,गेट पर अव्यवस्थाअमलाई ओसीएम के मुख्य गेट पर वर्षों पहले ट्रांसपोर्टरों के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी, ताकि भारी वाहनों की धूल को कम किया जा सके और ट्रक चालकों को राहत मिल सके। लेकिन बीते कई वर्षों से यह सुविधा बंद पड़ी है। आज की स्थिति यह है कि गर्मी के इन तीव्र दिनों में गेट पर पानी की भारी कमी है, जिससे ट्रक ड्राइवर, मजदूर और अन्य लोग बेहद परेशान हैं। न तो पीने का पानी उपलब्ध है और न ही वाहनों के लिए छिड़काव की कोई समुचित व्यवस्था।सड़क दुर्घटना की आशंका, सुरक्षा के इंतजाम नाकाफीखदान के पास से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर कोल परिवहन के भारी वाहनों की आवाजाही दिन-रात जारी रहती है। कोल डस्ट और पानी की कमी के चलते सड़कों पर फिसलन और धूल का गुबार बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोग और ट्रांसपोर्टर बार-बार मांग कर चुके हैं कि रोड पर पानी का नियमित छिड़काव किया जाए और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाया जाए, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिजुरी के भालूगड़ार व भवनिया तालाब को जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत बनाया गया जनाकर्षक



**अनूपुपर।** जिले में 30 मार्च से शुरु हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पुराने जल स्त्रोतों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बिजुरी अंतर्गत भालूगड़ार एवं भवनिया तालाब के घाट एवं सीढ़ियों का रंग रोगन कर जन आकर्षक बनाया गया है व तालाब के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार नगर परिषद डूमरकछार में वार्ड क्र. 1 के स्टॉप डैम के पीछे बोरी बंधान कार्य के साथ ही मुक्तिधाम के पास स्टाप डैम से जलीय खरपतवार एवं कचरा निकासी का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आज नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पार्षदगण, समाजसेवी तथा नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा श्रमदान कर सहभागिता निभाई गई। इसी तरह अमरकंटक के पुष्कर डैम के पास भी साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।

### पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियां



**अनूपपुर।** सातवां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत अनूपपुर जिले में भी कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पोषण पखवाडा के तहत मंगलवार को अनूपपुर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी केंद्रो में अन्नप्राशन दिवस मनाया गया, जिसमें 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया एवं 06 माह से 12 माह तक के बच्चो को पोषण के रूप में दिए जाने वाले आहार के बारे में माताओं को जानकारी दी गई, जिससे उनके बच्चों को भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य मिल सके। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### करपा तथा दूधी फीडर में 17 को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**राजेन्द्रग्राम।** 1 म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है।

### स्थानीय निवासियों सहित जनप्रतिनिधि व व्यवसायी रूष्ट

# जिले के आर्थिक नगरी के साथ रेल प्रबंधन का सौतेला व्यवहार

### रेल समस्याओं के निदान के लिए कई बार सांसद का कराया ध्यान आकृष्ट, नहीं हुआ समाधान

**अनूपपुर/कोतमा।** जिले का आर्थिक नगरी कहलाए जाने वाला कोयलांचल क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र कोतमा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यहां के लोगों को ट्रेन सुविधा के नाम पर मात्र झुनझुना पकड़ा दिया जाता है जबकि इस क्षेत्र में कई कोयल की खदानें संचालित है। और यह क्षेत्र वन संपदा से भी आच्छादित है। कोतमा नगर में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है जबकि कोतमा विधानसभा क्षेत्र से ही संभाग के इकलौते मंत्री दिलीप जायसवाल प्रदेश में मंत्री के पद पर आसीन है। कहने को तो शहडोल संसदीय क्षेत्र से हिमाद्री सिंह सांसद हैं और उनके ही संसदीय क्षेत्र में लोग ट्रेनों को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। लोग अब तो सांसद पर सवालिया निशान भी खड़ा करने लगे हैं कि आए दिन संसद के द्वारा क्षेत्र की रेल समस्याओं को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सौंपा जाता है, लेकिन यह मांग पत्र मांग पत्र ही बनकर रह जाती है। दूसरा कार्यकाल शुरू है उनका लेकिन रेल सुविधाओं के नाम पर इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जाता है यह लोगों के बीच अब जन चर्चा का विषय बनकर रह गया है वही लोग अब चौक चौराहों में खड़े होकर यह चर्चा भी कर रहे हैं कि हमारे यहां के सांसद से तो अच्छे छत्तीसगढ़ के सांसद है जिनकी मांगों पर रेल प्रबंधन के द्वारा तत्काल विचार करते हुए मांग स्वीकृत कर दी जाती है और उन्हें आए दिन ट्रेनों की सौगातें भी मिलने लगी है। हाल ही में उज्जैन से अंबिकापुर तक साप्ताहिक ट्रेन दो दिन चलाई गई है जिसका स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है जबकि अनूपपुर जिले का सबसे बड़ा शहर कोतमा है और इसके साथ ही रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। नगर के उद्योग एवं व्यवसायिक संगठन के द्वारा अब छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर भरोसा जताते हुए उनको एक मांग पत्र भेजा है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग एवं शहडोल संभाग के यात्रियों की सुविधा हेतु रेल विभाग से विभिन्न मांगों के संबंध में यह मांग पत्र सौपा गया है।




### यह है मांग पत्र

उद्योग व व्यवसायिक संघ कोतमा के द्वारा मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग एवं शहडोल संभाग आदिवासी पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है। रेल विभाग द्वारा यहां पर किसी भी प्रकार की नई सुविधा तथा पुरानी सुविधा जो भी थी उन्हें भी कोविड काल में बंद कर दिया गया। जबकि इन दोनों संभागों से रेलवे को काफी आय होती है क्योंकि पूरे क्षेत्र में कोयल की धुलाई की जाती है इसके आवाज में रेलवे नाम मात्र का खर्च करता है। इस क्षेत्र की उपेक्षा निरंतर हो रही है। कोतमा उद्योग व्यवसायिक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मांग पत्र देते हुए उल्लेख किया है कि ट्रेन नंबर 18242 और 18 243 अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस को नागपुर तक बढ़ाया जाए इस संभागों के मरीज को इलाज के लिए नागपुर के लिए सीधी ट्रेन ना होने के कारण बिलासपुर अथवा कटनी से ट्रेन पकड़नी पड़ती है इसे अंबिकापुर से 2 घंटे पूर्व छोड़ जाए एवं अंबिकापुर शहडोल ट्रेन को बंद कर दिया जाए। चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन को जिसका गाड़ी संख्या 18 258 को चिरमिरी से झारसुगड़ा या रायगढ़ तक बढ़ाया जाए क्योंकि वह सुबह 4:30 बजे बिलासपुर पहुंचकर दिनभर बिलासपुर स्टेशन में खड़ी रहती है और फिर रात को चलती है। ट्रेन नंबर 18202 शहडोल नागपुर एक्सप्रेस को अंबिकापुर से नागपुर चलाया जाए ताकि अनूपपुर जिले के साथ ही सरगुजा संभाग के यात्रियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए नागपुर जाने के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध हो सके यह ट्रेन अभी शहडोल से चलती है इसे बालाघाट गोंदिया रूट से चलाया जाता है।



### कोतमा के एक नंबर प्लेटफार्म की बढ़ाई जाए लंबाई

अंबिकापुर से मुंबई के लिए ट्रेन चलाई जाए ताकि दोनों संभागों के लोगों को इसका लाभ मिल सके। चिरमिरी रीवा गाड़ी संख्या 11752 तथा जीव चिरमिरी कोविद कल की पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए पूर्व में या ट्रेन सातों दिन चलती थी वर्तमान में तीन दिन ही चल रही है। अनूपपुर मनेंद्रगढ़ मेमू ट्रेन जो की अनूपपुर जंक्शन से महेंद्रगढ़ के लिए रात्रि 10:15 पर रवाना होती है इसमें किसी भी ट्रेन का मिलन ना होने के कारण पुरी ट्रेन खाली जाती है इस ट्रेन को रात्रि 12 बजे अनूपपुर जंक्शन से रवाना किया जाए जिससे अमरकंटक एक्सप्रेस की सवारी तथा कटनी मार्ग से जाने वाली ट्रेनों की सवारी अपने गंतव्य को जाने के लिए कनेक्टिविटी मिल सके। कोतमा एक नंबर प्लेटफार्म को अनूपपुर की दिशा में लंबाई बढ़ाई जाए दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस के आठ डब्बे प्लेटफार्म के बाहर खड़े होते हैं जिसमें यात्रियों को अंधकार में कुछ दिखाई नहीं पड़ता है तथा लाइन के बगल में खुली नाली है जिससे कभी भी अपनी दुर्घटना हो सकती है। स्टेशन में महिला या पुरुष के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है वार्ड 14 15 रेलवे ओवरब्रिज पर सोलर लाइट या विद्युत लाइट की व्यवस्था प्लेटफार्म एक और दो दोनों सेट से पानी अंदर गिरता है उसकी रिपेयरिंग की व्यवस्था एवं ठंडा पानी पीने की व्यवस्था करवाई जाए। कई नई साप्ताहिक ट्रेनें चलाई गई है उन ट्रेनों का स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है जिसके कारण आम नागरिकों के साथ ही व्यापारी परेशान हो रहे हैं।

### क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप

नगर के प्रथम व्यक्ति एवं नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने कहा कि हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा क्षेत्र है और यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है रेल प्रबंधन के द्वारा भी इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अंबिकापुर से निजामुद्दीन साप्ताहिक ट्रेन चलाई गई है हाल ही में अंबिकापुर से उज्जैन तक सप्ताह में 2 दिन ट्रेन चलाई गई है जिसकी भी समय सारणी जारी कर दी गई है लेकिन दोनों ही ट्रेनों का स्थापित कोतमा में नहीं दिया गया है यदि रेल प्रबंधन के द्वारा इसी तरह क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जाएगा तो हमारे द्वारा जल सहयोग से आंदोलन भी किया जाएगा।

### शहडोल सांसद उदासीन

कोतमा उद्योग व्यवसायिक संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद कुमार सराफ का कहना है कि हमारे द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल एसईसीआर में सलाहकार सदस्य भी है उन्हें हमारे द्वारा ट्रेनों से संबंधित मांग पत्र भेजा गया है। हमारे क्षेत्र के साथ रेल प्रबंधन सौतेला व्यवहार कर रहा है हमारे यहां से सांसद हिमाद्री सिंह के द्वारा कई बार रेल मंत्री से मुलाकात कर ट्रेनों के संबंध में चर्चा करते हुए मांग पत्र भी दिया गया है, लेकिन उसे पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ के सांसदों के द्वारा ट्रेनों से संबंधित जो भी मांग पत्र सोपा जाता है उसे पर विचार करते हुए तत्काल ही रेल प्रबंधन के द्वारा अमल किया जाता है।

### उपेक्षाओं पर खरी नही उतर पाईं सांसद

सराफा व्यवसाई अंकुश सोनी जानी क्या कहना है कि हमारा नगर जिले का सबसे बड़ा व्यवसायिक क्षेत्र है और यहां पर कई कोयले की खदानें संचालित है उसके बावजूद रेल प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है पूर्व में जो ट्रेन संचालित थी उन्हें भी अस्त-व्यस्त कर दिया गया है अंबिकापुर से निजामुद्दीन एवं अंबिकापुर से उज्जैन गाड़ी संख्या क्रमांक 08854 को अभी हाल ही में सप्ताह में दो दिन रेल प्रबंधन के द्वारा संचालित किया गया है जिसका भी स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है जबकि हम व्यापारियों को व्यापार के लिए बाहर जाना पड़ता है। हमारे यहां के सांसद से यहां के लोगों की काफी उपेक्षाएं थी लेकिन उसमें भी वह खरी नहीं उतर रही है उनके द्वारा अभी तक हमारे क्षेत्र को कोई भी ट्रेन की सुविधा नहीं दिलवा पाई जबकि उनके द्वारा आए दिन सोशल मीडिया में रेल मंत्री के साथ मुलाकात करते हुए मांग पत्र की तस्वीर सामने आती है।

### न स्वास्थ्य सुविधा मिली न ट्रेन सुविधा

कंप्यूटर व्यवसायी अमित सैनी का कहना है कि हमारे क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है हमारे यहां ना तो सही ढंग से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाई जा रही है और ना ही ट्रेन की सुविधा दी जा रही है जबकि यहां के लोगों को इलाज के लिए आए दिन नागपुर जाना पड़ता है सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण लोगों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है अंबिकापुर से नागपुर तक सीधी ट्रेन चलवाई जाए अंबिकापुर निजामुद्दीन एवं अंबिकापुर उज्जैन ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा में दिलवाया जाए जिससे यहां के लोगों को बाहर आने जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल सके ।

# SECL रामपुर बटुरा यानि लूट की खदान



### अफसरों की खादी में छिपा कोयला माफिया

**अनूपपुर।** जिस खदान से देश की ऊर्जा को ईंधन मिलना चाहिए वहां आज भ्रष्टाचार की भट्ठी में ईमानदारी जल रही है। रामपुर बटुरा ओपन कास्ट माइन इस ई सी एल की गर्व कहलाने वाली परियोजना आज एक संगठित लूट खदान बन चुकी है जहां कोयले से ज़्यादा काला धंधा निकल रहा है और सबसे दुखद पहलू इस लूट की छत्रछाया इस ई सी एल के अपने अधिकारियों ने दी है।

### 6000 की सीढ़ी से ऊपर चढ़ता भ्रष्टाचार

यहां हर ट्रक मालिक को कोयला नहीं पहले 'कट' देना पड़ता है ट्रक में कोयला तभी लोड होगा जब आप 'लिफ्टर दरबार' में 6000 की भेंट चढ़ाएंगे अब ये लिफ्टर कोई मामूली मजदूर नहीं ये खदान के काले व्यापार के फ्रंटमैन हैं ये पैसा धीरे-धीरे चढ़ता है पहले रोड सेल इंचार्ज जितेंद्र पांडे की जेब गरम होती है फिर टेक्निकल इंस्पेक्टर की उंगलियां गिनती करती हैं और अंत में चुपचाप जी एम साहब की अलमारी की तिजोरी मुस्कुरा उठती है।

### रोड सेल का राजा या रिश्वत का रिसीवर

जिसे नियुक्त किया गया था कोयले के वितरण की निगरानी और कोयले की गुणवत्ता मापने के लिए वही बन चुका है रिश्वत के कारोबार का मुखिया ट्रक मालिकों की भाषा में कहें तो पांडे बिना पैसा लिए कोयले की धूल भी नहीं उठने देते अगर कोई ट्रक मालिक 'कट' देने से मना कर दे तो समझिए उस ट्रक की किस्मत में 'सूखा टायर' ही लिखा है जितेंद्र पांडे अब अफसर नहीं 'कट माफिया' का ब्रांड बन चुका है।

### सरकारी व्यवस्था को ठेंगा

खदान की सरकारी मशीनें 'बीमार' घोषित हैं, जबकि निजी लिफ्टरों की मशीनें फुर्ती से कोयला भरती हैं क्या ये कोई तकनीकी संयोग है या फिर सोची-समझी साजिश असल में निजी मशीनें सिर्फ कोयला नहीं भरतीं ये अफसरों की जेब भी भरती हैं। ये 'प्रायवेट लिफ्टर' अफसरों के खास हैं उनका ट्रक 3 घंटे में चलता है, बाकी ट्रक दिनभर धूप में भूखा-प्यासा खड़ा रहता है।

### सिस्टम को घूस की भूख

कई ट्रक मालिक यूनियनें और स्थानीय जागरूक लोग प्रशासन तक गुहार लगा चुके हैं सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट लाइव शिकायतें की जा चुकी हैं लेकिन कार्रवाई सिफर जैसे कोई अदृश्य हाथ हर शिकायत को दफ्तर में घुसने से पहले ही दबा देता है क्या इस भ्रष्ट सिस्टम की एकमात्र कमजोरी पैसा है और हर इंसाफ को घूस से हराया जा सकता है। क्या इस ई सी एल अब 'साउथ ईस्टर्न कट लूट बन चुका है

## युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग



**अनूपपुर।** बुधवार को युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन मे कहा गया कि आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही। कार्रवाई लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है।16/4/2023-हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की राहुल के विरुदध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ED) दवारा आरोपपत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है। जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयाना कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

### नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक सम्पन्न

**अनूपपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों का मध्यस्थता व सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु अधिवक्ता बार कक्ष में जिला मुख्यालय अनूपपुर के समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ समन्वय बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़िया, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के सचिव शविनोद कुमार वर्मा, प्रथम सिविल जज, जूनियर डिवीजन बोबी सोनकर, तृतीय सिविल जज, जूनियर डिवीजन सुश्री सृष्टि साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर के अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर के सचिव राम कुमार राठौर एवं जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के मध्य, न्यायालय में लंबित एवं पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी मध्यस्थता एवं समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण कराकर, पक्षकारगण को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने पर चर्चा की गई, जिससे पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव बना रहे एवं उनके मध्य शत्रुता समाप्त होकर, उनके समय, धन व श्रम की बचत हो सके।

# घरों में तोड़फोड़ कर ताण्डव कर रहे हाथी, दहशत में रतजगा को मजबूर ग्रामीण

**अनूपपुर।** कई दिनों से एक साथ घूम रहे तीन प्रवासी हाथी विगत दो दिनों के मध्य दिन में जंगल में रहने बाद देर रात जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में 8 ग्रामीणों के मकानो में तोड़फोड़ कर अनाज खाने बाद बुधवार की सुबह फिर से गोबरी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, हाथियों के अचानक आ जाने के डर से कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जाग कर रात गुजार रहे हैं। विगत दो दिनों से तीनों प्रवासी हाथी अनूपपुर वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील के औढेरा बीट अंतर्गत जंगल में ठहरने बाद सोमवार की रात राजेंद्रग्राम के पटना बीट एवं ग्राम पंचायत अंतर्गत बधार गांव के छुल्हा टोला में अचानक पहुंचकर बिरसू पिता रद्धी बैगा,दलीराम पिता सुखदेउना सिंह, लल्ला पिता मदन बैगा एवं पड़ोस के हर्रई गांव निवासी रघुनाथ पिता कृपाल सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाते हुए मंगलवार की दोपहर अकुआ, डालाडीह के मध्य स्थित घनघोर जंगल में दिनभर लेट कर,चल कर आराम करने बाद मंगलवार की रात अचानक डालाडीह के कछराटोला में पहुंचकर नरेश पिता मानसिंह बैगा, वीर सिंह पिता विरसू बैगा के घर में तोड़फोड़ कर अनाज खाते हुए केकरपानी गांव के



प्लांटेशन से होकर दुधमनिया गांव के मैरटोला निवासी विजय सिंह पिता वीरन सिंह के घर को अचानक घेर कर तोड़फोड़ करने लगे इस बीच विजय सिंह एवं उनकी पत्नी यशोदा सिंह अपने 5 वर्ष के बच्चे को लेकर भाग कर अपने को सुरक्षित किया हो-हल्ला होने पर तीनों हाथी कांसा गांव के कुछ मोहल्ले में विचरण करने बाद ग्राम पंचायत पगना के बांका गांव की कछराटोला में पहुंचकर टेकचंद पिता शंकर सिंह के खेत में रखें सिंचाई वाले पंप को तोड़ते हुए उनके चाचा बुधवा पिता पोखन सिंह के घर को घेर कर घर के अंदर अनाज रखने के लिए बनाए गए कुठला की दीवाल तोड़कर धान खाते रहे। इस बीच अचानक हाथियों के आने पर घबराकर बुधवा सिंह का परिवार भाग कर पड़ोस में पहुंचकर अपनी जान बचा पाए पूरी हाथियों के पूरी रात विचरण करते हुए तीनों हाथी बुधवार की सुबह ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, निरंतर कई दिनों से हाथियों के निरंतर विचरण करने, देर रात अचानक ग्रामीण अंचलो में पहुंचकर खाने की तलाश करते ग्रामीणो की संपत्तियों का नुकसान कर रहे हैं हाथी गस्ती दल एवं ग्रामीणों को चकमा देते हुए तीनों हाथी ज्यादा संख्या में ग्रामीणों के एकत्रित होने पर आसपास के जंगल में छिपकर अचानक दिशा बदलते हुए नए स्थान पर पहुंचकर हमला करते हैं जिसके कारण डर से कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जाग कर अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं,वनविभाग एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्राम पंचायतो द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणो को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से रात में सुरक्षित एवं सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक सुधीर मण्डल पिता भुवनेश्वर मण्डल निवासी उजनिगर ब्लाक सी बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा कालरी के सेवा अभिलेख में आवेदक के पुत्र का नाम सीन्टू मण्डल अंकित हो गया है। जो घरेलू नाम है। जबकि सीन्टू मण्डल का अभिलेखीय यथा आधारकार्ड, मार्कशीट इत्यादि में नाम रनधीर मण्डल है। जिसमें सीन्टू मण्डल एवं रनधीर मण्डल एक ही व्यक्ति के नाम है। जिसका सत्यापन किये जाने हेतु न्यायालय में शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। दस्तावेजो के आधार पर सीन्टू मण्डल एवं रनधीर मण्डल एक ही व्यक्ति है अर्थात दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है। यह प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र एवं प्रकरण में संलग्न दस्तावेज के आधार पर जारी किया जाता है । (आज दिनॉक को यह प्रमाण-पत्र मेरे न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी)

शपथकर्ता

**नाम परिवर्तन सूचना**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक सुधीर मण्डल पिता भुवनेश्वर मण्डल निवासी उर्जानगर ब्लॉक सी बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा कालरी के सेवा अभिलेख में आवेदक के पुत्र का नाम नितीश मण्डल अंकित हो गया है। जो घरेलू नाम है। जबकि नितीश मण्डल का अभिलेखीय यथा आधारकार्ड, मार्कशीट इत्यादि में नाम नीतेश मण्डल है। जिसमें नितीश मण्डल एवं नीतेश मण्डल एक ही व्यक्ति के नाम है। जिसका सत्यापन किये जाने हेतु न्यायालय में शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। दस्तावेजो के आधार पर नितीश मण्डल एवं नीतेश मण्डल एक ही व्यक्ति है अर्थात दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है । यह प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र एवं प्रकरण में संलग्न दस्तावेज के आधार पर जारी किया जाता है । (आज दिनॉक को यह प्रमाण-पत्र मेरे न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी)

शपथकर्ता